दिनांक : 17.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नीमच में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय देशभर के स्कूलों में चलाएगा सड़क सुरक्षा अभियान।
- प्रदेश के 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा।
- आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में किया पराजित।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल स्थापना दिवस

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नीमच में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। (नीमच स्थित सी.आर.पी.एफ. के ग्रुप सेंटर में आयोजित सीआरपीएफ स्थापना दिवस परेड समारोह में सी.आर.पी.एफ. की आठ टुकड़ियों परेड में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर गृहमंत्री सीआरपीएफ कर्मियों को वीरता पदक प्रदान करेंगे। श्री शाह बल के वीर बलिदानियों को 'शहीद स्थल' पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वे शहीदों के परिवारों, परेड कमांडरों तथा जवानों के साथ संवाद भी करेंगे। सीआरपीएफ के नीमच परिसर में वर्तमान में केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र, ग्रुप केंद्र, रेंज कार्यालय, संयुक्त अस्पताल, प्रथम बटालियन एवं 4 सिगनल बटालियन कार्यरत हैं।)संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

नीमच से हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सड़क मार्ग से कल रात करीब 11 बजे नीमच पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने उनका स्वागत किया। सीआरपीएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गृह मंत्री दोपहर 1 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

नए मुख्य न्यायाधीश

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और उनके नाम की सिफारिश केन्द्रीय कानून मंत्रालय को की गई है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो जाएगा।

सड़क सुरक्षा अभियान

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय देशभर के स्कूलों में सड़क सुरक्षा अभियान को विस्तार देने के लिए सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं और असुरक्षित ड्राइविंग लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालती हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय स्कूली शिक्षा के माध्यम से सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ दायित्वपूर्ण ड्राइविंग व्यवहार पर नागरिक भागीदारी शुरू की जाएगी। श्री प्रधान ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर नई दिल्ली में सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ एक बैठक की।

शिवराज-ब्राजील

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्राजील प्रवास के दौरान साओ पाउलो में प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय के सदस्यों से संवाद किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए हम ब्राजील की तकनीकों के इस्तेमाल की दिशा में हम कार्य करेंगे।

शहडोल समझौता

तकनीकी शिक्षा को नए आयाम देते हुए शहडोल के पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के साथ फैकल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम्स के लिए एक समझौता किया है। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय को आईआईटी रुड़की का आधिकारिक रिमोट सेंटर घोषित किया गया है। इस समझौते के माध्यम से अब मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा जैसे अत्याधुनिक विषयों में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किया गए प्रशिक्षण कार्यक्रम शहडोल में ही उपलब्ध होंगे। समझौते के तहत पहला फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम साइबर अपराध जांच में मशीन लर्निंग का अनुप्रयोग एक व्यावहारिक दृष्टिकोण विषय पर आधारित होगा।

मांडविया कौशल विकास

श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में एक कौशल प्रशिक्षण मंच की स्थापना का आह्वान किया। इससे विश्व की विशिष्ट कुशल जनशक्ति आवश्यकताएं पूरी करने में सहायता मिलेगी। डॉक्टर मांडविया ने नई दिल्ली में आज भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया।

ट्रेन एटीएम

मध्य रेलवे ने एक नई पहल के तहत मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस के अंदर ऑटोमेटेड टेलर मशीन - एटीएम शुरू की है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा कि इस पहल की तकनीकी व्यवहार्यता का आकलन करने के बाद, इस सुविधा को अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जा सकता है।

इंदौर-नरवाई

इंदौर जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने  बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन किसानों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। नरवाई जलाने के खिलाफ जारी अभियान कार्रवाई में अभी तक 770 किसानों के विरुद्ध 16 लाख 71 हजार रुपये से अधिक का अर्थ दंड लगाया गया है। इंदौर जिले में कल एक दिन में ही 102 किसानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए 3 लाख 9 हजार 500 रुपये का अर्थ दंड किया गया है।

आईपीएल परिणाम

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियन्स आमने-सामने होंगे। यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीँ, कल रात दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक सुपर ओवर में पराजित किया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों का स्कोर बराबर होने के बाद मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। यह आईपीएल 2025 का पहला मैच था जिसका फैसला सुपर ओवर से हुआ।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के 9 शहरों में कल दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें रतलाम, नर्मदापुरम, खंडवा, शाजापुर, खरगोन, नरसिंहपुर, उज्जैन, धार और गुना शामिल हैं। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भी अधिकांश हिस्से में गर्मी का असर रहने की संभावना जताई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी पारे में बढ़ोतरी हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- सतना में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव से संबंधित जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि लोक कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की गति को अनवरत बनाये रखने एक राष्ट्र-एक चुनाव देश हित में है।
- धार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, तथा लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में उद्योगों के विस्तार एवं कार्यपद्धति में सुधार विषय पर कल कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- रायसेन जिले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायसेन द्वारा आज मंडीदीप स्थित हिन्दुस्तान इलेक्ट्रोग्रेफाइट कंपनी लिमिटेड में रासायनिक औद्योगिक आपदा का मॉक अभ्यास किया जाएगा।

- शाजापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत खामखेड़ा में नवीन खेत तालाब का निर्माण, घनसौदा में नवीन वाटर हार्वेस्टिंग पोंड का निर्माण, कालापीपल के ग्राम खरदौनखुर्द में खेत तालाब निर्माण किया जा रहा है।
- निवाड़ी में कल समय सीमा बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के संबंध अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- डिन्डोरी में कलेक्टर ने विकासखड मेंहदवानी के म.प्र. ग्रामीण आजीविका भवन में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली।
- इंदौर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीर कराडिया और डकाच्या का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली।
- खरगोन जिले के कसरावद वन परिक्षेत्र में कल रात शिकारियों के फंदे में फंसी एक मादा तेंदुआ का रेस्क्यू कर लिया गया। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।
- मुरैना जिला चिकित्सालय के सर्जिकल ऑपरेशन थिएटर के बाहर लगे विद्युत पैनल में कल आग लग गई। अस्पताल के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों के माध्यम से आधे घंटे में प्रयास कर आग पर काबू पा लिया।

-------